TESTBOOK PREMIUM
1 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹99/-
testbook

# Important Current Affairs 2nd November 2017 in Hindi with PDF

Here's the Hindi version of Important Current Affairs 2nd November 2017. Now stay updates about important news and current affairs for SSC, IBPS and more bank & online government exams, in Hindi too! You can also download the Important Current Affairs 2nd November 2017 in Hindi as PDF and save for revision!

## Important Current Affairs 2nd November 2017 in Hindi

- **MSME समाधन**
  - श्री गिरिराज सिंह ने MSME विलंबित भुगतान पोर्टल - MSME समाधन (http://msefc.msme.gov.in) का शुभारंभ किया|
  - यह देश भर के सूक्ष्म और लघु उद्यमियों को विलंबित भुगतानों से संबंधित मामलों को सीधे पंजीकृत करने के लिए सशक्त करेगा|
  - पोर्टल, व्यक्तिगत CPSE/ केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों आदि के साथ MSE के लंबित भुगतान के बारे में जानकारी देगा|
- **कर्नाटक की पहली महिला पुलिस प्रमुख**
  - नीलमणि एन. राजू, कर्नाटक की पहली महिला महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक बनी|
  - वे सेवानिवृत्त हो रहे, रूपक कुमार दत्ता की जगह लेंगी|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

TESTBOOK PREMIUM
12 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹599/-
testbook

- नीलमणि एन. राजू एक 1983 बैच IPS (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारी हैं| वे कर्नाटक कैडर में शामिल होने वाली दूसरी महिला IPS अधिकारी हैं| वे मूलतः उत्तर प्रदेश की निवासी हैं|

- **के. सच्चिदानंदन पुरस्कार के लिए चयनित**
  - प्रसिद्ध मलयालम कवि और साहित्यिक आलोचक, के. सच्चिदानंदन, को केरल सरकार के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान, इस वर्ष के एझुथचन पुरस्कारम के लिए चुना गया है|
  - संस्कृतिक मामलों के मंत्री ए.के. बालन ने इस पुरस्कार की घोषणा करते हुए संवाददाताओं से कहा, यह पुरस्कार उन्हें मलयालम साहित्य और कविता में उनके योगदान के लिए दिया जा रहा है|
  - इस पुरस्कार में 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और एक प्रशस्ति पत्र दिया जाता है|
- **AIIB ने आंध्र को दिया 13,000 करोड़ रूपये का ऋण**
  - चीन-प्रायोजित, एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक ने आंध्र प्रदेश में पांच परियोजनाओं के लिए USD 2 मिलियन (13,000 करोड़ रुपये) के ऋण की मंजूरी दी है|
  - जिन पांच परियोजनाओं के लिए ऋण दिया गया है उनमें सड़क और भवन विभाग के दो परियोजनाएं शामिल हैं|
  - ग्रामीण सुरक्षित पेय जल विभाग और नगरपालिका और शहरी विकास विभाग में से प्रत्येक के लिए एक परियोजना के अलावा पंचायत राज विभाग की एक परियोजना भी शामिल है|
- **भारत पहुंचे भूटान के राजा**
  - भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भारत की चार दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

TESTBOOK PREMIUM
1 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹99/-
testbook

- उनके साथ उनकी पत्नी, रानी ग्यालत्सूएन जेट्सन पेमा वांगचुक हैं| हवाईअड्डे पर शाही दंपति का स्वागत विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने किया|
- राजा, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शाही परिवार के सम्मान में रखे गए एक रात्रिभोज, के दौरान उनसे मुलाक़ात करेंगे|

- **भारती AXA लाइफ ने विकास को बनाया CEO**
    - भारती एंटरप्राइजेज और AXA के बीच एक संयुक्त उद्यम, भारती AXA लाइफ इंश्योरेंस ने विकास सेठ को मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है|
    - यह नियुक्ति अपेक्षित IRDAI अनुमोदन के अधीन है| भारती AXA लाइफ में शामिल होने से पहले, वे आदित्य बिड़ला समूह में थे, जहां उन्होंने लगभग 10 वर्षों के लिए विभिन्न भूमिकाओं में काम किया|
    - उन्होंने बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य वितरण अधिकारी के रूप में भी काम किया है|
- **हिंदी सत्याग्रहियों के लिए लाइफटाइम पेंशन**
    - हरियाणा की राज्य सरकार ने 'हिंदी सत्याग्रहियों' और आपातकाल के दौरान जेल में रहने वाले राज्य के लोगों के लिए 10,000 रुपये के आजीवन मासिक पेंशन की घोषणा की है|
    - राज्य सरकार ने यह भी घोषणा की कि वह द्वितीय विश्व युद्ध के सिपाहियों और उनकी विधवाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी|
    - इस अवसर पर, उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू मुख्य अतिथि थे|
- **बिसारिया : पाकिस्तान के लिए उच्चायुक्त**
    - भारत ने अजय बिसारिया को पाकिस्तान के लिए अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया है|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

TESTBOOK PREMIUM
12 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹599/-
testbook

- वे वर्तमान में पोलैंड के लिए राजदूत हैं|
- बिसारिया गौतम बांबाबाले की जगह लेंगे जिन्हें पिछले महीने चीन में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया था|
- पोलैंड में भारत के राजदूत के रूप में नियुक्ति से पहले, बिसारिया के पास यूरेशिया डेस्क का प्रभार था जो रूस और मध्य एशियाई गणराज्यों के साथ भारत के संबंधों की देखभाल करता है|

- **अंबानी बने एशिया के सबसे धनि व्यक्ति**
  - फोर्ब्स के 'रियल टाइम बिलियानियर्स लिस्ट' के अनुसार, 42.1 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, चीन के हुईका यान को पीछे छोड़ते हुए एशिया के सबसे धनि व्यक्ति बन गए हैं|
  - अंबानी की व्यक्तिगत संपत्ति में 466 मिलियन $ की बढ़त हुई|
  - वैश्विक स्तर पर, अंबानी फोर्ब्स के 'रियल टाइम बिलियानियर्स लिस्ट' में 14वें स्थान हैं|
- **अभ्यास 'ब्लू फ्लैग -17'**
  - भारतीय वायु सेना का एक 45 सदस्यीय दल, 'ब्लू फ्लैग -17' अभ्यास में भाग लेने के लिए इजरायल रवाना हो गया|
  - ब्लू फ्लैग दो-वार्षिक बहुपक्षीय अभ्यास है जिसका उद्देश्य भाग लेने वाले देशों के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करना है|
  - भारतीय वायु सेना C-130J स्पेशल ऑपरेशन एयरक्राफ्ट और गरुड़ कमांडो के साथ भाग ले रही है|
- **SBI ने सभी परिपक्वता में कम किया ऋण दर**


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

TESTBOOK PREMIUM
1 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹99/-
testbook

- देश के सबसे बड़े ऋणदाता, भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने सभी परिपक्वता अवधि में बेंचमार्क ऋण दर 0.05 प्रतिशत घटा दी|
- लगभग 10 महीनों के अंतराल के बाद निधि आधारित ऋण दर (MCLR) की सीमांत लागत में कमी आई है|
- SBI का यह कदम दूसरे ऋणदाताओं द्वारा दर में कटौती को बढ़ावा देगा| इस कटौती के साथ, एक वर्ष के लिए MCLR 8 फीसदी से घटकर 7.95 फीसदी पर आ गया है|

- **विश्व की सबसे ऊंची शिवाजी की प्रतिमा**
    - मुंबई तट के करीब समुद्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की 210 मीटर ऊंची प्रतिमा का निर्माण हो रहा है|
    - यह बनने के बाद यह विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा होगी|
    - वर्तमान में, चीन में 208 मीटर की ऊंचाई पर स्थित स्प्रिंग टेम्पल की बुद्ध की प्रतिमा, विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा है|
    - शिवाजी भोंसले, जिन्हें छत्रपति शिवाजी महाराज भी कहा जाता है, एक भारतीय योद्धा, शासक और भोसले मराठा कबीले के सदस्य थे|
- **'इज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नस' रिपोर्ट**
    - विश्व बैंक की 'इज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नस' रैंकिंग में भारत ने शीर्ष 100 में स्थान बना लिया है| सभी देशों के बीच भारत द्वारा दर्ज किये गए सबसे बड़े सुधार का कारण देश में क्रियान्वित किये गए कई सुधार-कार्य हैं|
    - पिछले वर्ष के 130 से 100वें स्थान पर बढ़ोतरी ने भारत को शीर्ष 10 सबसे बेहतर सुधार वाले देशों में से एक बना दिया|
    - यह रिपोर्ट, 10 मानकों के संयुक्त स्कोर के आधार पर 190 देशों को रैंक देती है|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

TESTBOOK PREMIUM
12 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹599/-
testbook

- **NPS में शामिल होने की अधिकतम आयु सीमा बढ़ी**
    - केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में शामिल होने की अधिकतम आयु में वृद्धि कर इसे मौजूदा 60 वर्ष से 65 वर्ष कर दिया है|
    - इस फैसले के कारण, अधिक उम्र (60 वर्ष की आयु के बाद) में NPS से जुड़ने के इच्छुक उपभोक्ता NPS का लाभ प्राप्त कर सकेंगे|
    - राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली एक स्वैच्छिक, परिभाषित योगदान सेवानिवृत्ति बचत योजना है|
- **दिल्ली में 9वां 'ग्लोबल ग्रीन फिल्म फेस्टिवल'**
    - पर्यावरण और वन्य जीवन पर एक वैश्विक फिल्म समारोह 'CMS वातावरण' का 9वां संस्करण, 2 नवंबर 2017 को दिल्ली में शुरू होगा|
    - इस पांच दिवसीय फिल्म समारोह, 'CMS वातावरण' के दौरान कश्मीर से 4 फिल्मों सहित, 113 फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा|
    - 'CMS वातावरण' की विषयवस्तु 'जल संरक्षण' है|
    - इस उत्सव का उद्देश्य जल संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाना और लोगों को संवेदनशील बनाना है|
- **नई दिल्ली में 'वैश्विक क्लबफुट सम्मेलन'**
    - राष्ट्रपति, रामनाथ कोविंद ने, नई दिल्ली में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की साझेदारी में CURE भारत द्वारा आयोजित 'वैश्विक क्लबफुट सम्मेलन' का उद्घाटन किया|
    - क्लबफुट, बच्चों की गतिशीलता को प्रभावित करने वाले सबसे आम अस्थि-विकार जन्म दोषों में से एक है|
    - राष्ट्रपति ने कहा कि यह कार्यक्रम अब भारत के 29 राज्यों में सक्रिय है|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

TESTBOOK PREMIUM
1 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹99/-
testbook

- **गोवा में आयोजित भारत-अमेरिकी महासागर वार्ता**
    - 1 नवंबर 2017 को, गोवा में वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद्-समुद्री विज्ञान संस्थान (CSIR-NIO) में भारत-अमेरिकी महासागर वार्ता शुरू हुई|
    - इसका आयोजन भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है|
    - इस वार्ता का उदेश्य, ब्लू अर्थव्यवस्था के सतत विकास को बढ़ावा देना है|
- **भारत और अर्मेनिया के बीच समझौता**
    - मंत्रिमंडल ने, भारत और आर्मेनिया के बीच सीमा शुल्क मामलों में और आपसी सहयोग पर एक समझौते पर हस्ताक्षर करने और पुष्टि करने को मंजूरी दे दी है|
    - यह समझौता भारत और आर्मेनिया के सीमा शुल्क अधिकारियों के बीच जानकारी और खुफिया जानकारी साझा करने के लिए एक कानूनी रूपरेखा प्रदान करेगा|
    - यह सीमा शुल्क कानूनों के समुचित उपयोग में मदद करेगा|
- **"कृषि विकास योजना" की निरंतरता**
    - मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना को 'राष्ट्रीय कृषि विकास योजना - कृषि और संबद्ध क्षेत्र के पुनरुत्थान के लिए लाभकारी दृष्टिकोण' के रूप में, 2017-18 से 2019-20 तक तीन वर्षों के लिए जारी रखने को मंजूरी दे दी है|
    - यह योजना, कृषि उद्यमिता को बढ़ावा देती है, जोखिम कम करने के उपायों को अपनाती है और खेती को एक लाभकारी आर्थिक गतिविधि बनाने के लिए किसानों के प्रयासों को मजबूत करती है|
- **कैबिनेट ने SBA को सब्सिडी के लिए दी मंजूरी**
    - आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने विशेष बैंकिंग व्यवस्था (SBA) के कार्यान्वयन के लिए पूर्वव्यापी स्वीकृति दे दी है|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

TESTBOOK PREMIUM
12 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹599/-
testbook

- 10,000 करोड़ का SBA, वर्ष 2016-17 में उर्वरक सब्सिडी के कारण बकाया दावों के भुगतान के लिए है|
- इस SBA को उर्वरक कंपनियों की तरलता की समस्याओं से मुकाबला करने के लिए लागू किया गया है|

**Attempt Current Affair Quiz - 2nd November 2017**

testbook



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play